Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding fulling up vancancies of Railway Staff in Dongargarh.

श्री संतोष पान्डेय (**राजनंदगाँव**):माननीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र राजनंदगाँव एवं डीआरएम नागपुर के अधीन स्टेशन डोंगरगढ़ से लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, कैरेज एवं वैगन, पैसेंजर एवं गुड्स पैसेंजर गार्ड यूनियन के रेलवे कर्मचारियों की संख्या लगातार कम की जा रही है। एक समय बिलासपुर जोन के नागपुर मण्डल में रेलवे के कर्मचारियों की संख्या डोंगरगढ़ में ही सबसे अधिक थी, परन्तु वर्तमान में कैरेज एवं वैगन आधी से भी कम कर दी गई, टिकट चेकर न के बराबर हैं, पैसेंजर एवं गुड्स गार्ड की संख्या तीन सौ से एक सौ कर दी गई है। लोको पायलट गुड्स, सहायक लोको पायलट एवं अन्य कर्मचारियों की संख्या डोंगरगढ़ में 650 से अधिक है, जिनको डोंगरगढ़ से पूरी तरह से खत्म किये जाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

महोदय, मेरा निवेदन है कि लोको शेड का स्थानान्तरण गोंदिया न करते हुए यथावत रखकर कर्मचारियों का स्थानान्तरण न किया जाए तथा आवश्यकतानुसार कर्मचारियों की पूर्ति शीघ्र की जाए।